**20–02–2020**– पत्रावली पेश हुई। पुकार पर उभपक्ष मय अधिवक्ता उपस्थित। वाद विन्दु सं0–2 पर सुना एवं पत्रावली का अवलोकन किया।

**वाद विन्दु सं0–2 का निस्तारण**–

यह वाद बिन्दु इस आशय का विरचित किया गया है कि क्या दावा अधोमूल्यांकित व प्रदत्त कोर्ट फीस अपर्याप्त है। यह वाद बिन्दू प्रतिवादीगण ने अपनी आपत्ति पर सृजित किया है किन्तु उसके समर्थन में कोई साक्ष्य नही दिया है, केवल मौखिक रूप से इस बिन्दु पर बल दिया। वादी का कथन है कि वाद का मूल्यांकन सही है व प्रदत्त न्याय शुल्क पर्याप्त है।

सुना एंव पत्रावली का अवलोकन किया। अवलोकन से विदित होता है कि विवादित दिवाल की कीमत मु0 5000/रूपया निर्धारित किया जाता है चूंकि दावा आज्ञापक व्यादेश हेतु है इसलिए मु0 5000/रूपये के 1/5 मु0 1000/रूपये पर न्यायशुल्क मु0 177/रूपये संदाय है।

अतः ऐसे में यह वाद बिन्दु नकारात्मक रूप से निर्णीत किया जाता है। पत्रावली वास्ते अग्रिम कार्यवाही हेतु दिनांक 09.04.2020 को पेश हो।

सिविल जज अवर खण्ड,
महराजगंज।